**प्रेषक,**

**<u>अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध/ई-मेल द्वारा</u>**

सचिव,

प्राविधिक शिक्षा परिषद्,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य/निदेशक,

परिषद से सम्बद्ध समस्त,

राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

**पत्राँकःप्राशिप/अनु0-6/वि0सेमे0परी0-2025/** 4647 **लखनऊःदिनांक-** 09 **/11/2025**

**विषयः <u>विषम सेमेस्टर/स्पेशल बैक पेपर, परीक्षा नवम्बर-दिस0-2025 के परीक्षा फॉर्म हेतु अंतिम अवसर प्रदान किये जाने विषयक।</u>**

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद् कार्यालय के पत्रांक-प्राशिप/अनु0-6/वि0सेमे0परी0 नव0-दिस0 2025/4454 दिनांक-31/10/2025 एवं प्राशिप/अनु0-6/वि0सेमे0परी0 नव0-दिस0 2025/4563 दिनांक-05/11/2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विषम सेमेस्टर/स्पेशल बैक-पेपर, परीक्षा नवम्बर-दिस0-2025 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा फॉर्म स्टूडेंट लॉगिन के माध्यम से दिनांक-**07/11/2025** तक ऑनलाइन शुल्क का भुगतान कर परीक्षा फॉर्म भराये जाने सम्बन्धी प्रक्रिया एवं अन्य दिशा-निर्देश दिये गये हैं। किन्तु कतिपय संस्थाओं द्वारा अवगत कराया गया है कि कतिपय छात्र/छात्राओं के परीक्षा फॉर्म परिषद् कार्यालय को अग्रसारित करने की कार्यवाही ससमय पूर्ण नहीं हो पायी है, जो अत्यंत ही लापरवाही का घोतक है।

उक्त के क्रम में छात्रहित के दृष्टिगत उक्त परीक्षा के परीक्षा फॉर्म आवेदन संस्था लॉगिन के माध्यम से परिषद् को अग्रसारित किये जाने हेतु **दिनांक-10/11/2025 को प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक अंतिम रूप से पोर्टल खोला जा रहा है। <u>उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी दशा में पोर्टल नहीं खोला जायेगा।</u>**

अतः निर्देशित किया जाता है कि अपने स्तर से संस्था में अध्ययनरत् पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा फॉर्म **दिनांक-10/11/2025 को प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक** प्रत्येक दशा में परिषद को अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी छात्र/छात्रा का परीक्षा फॉर्म आवेदन संस्था लॉगिन के माध्यम से परिषद् को अग्रसारित होने से रह जाता है तो, इसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

भवदीय,

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

**पृ0सं0: प्राशिप/अनु0-6/वि0सेमे0परी0 2025/** 4648–52 **तद्दिनांकः-** 09 **/11/2025**

**प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0 लखनऊ को परिषद् की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करने हेतु।

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।